**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 30.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा, आज दोपहर 12 बजे से लोक निवास में 'जनता दर्शन' बैठक की अध्यक्षता करेंगे ।
2. त्योहारी सीज़न को देखते हुए सभी मिठाई और पटाखा विक्रेताओं को निर्देश जारी किए गए हैं।
3. आवास एवं संपदा अनुभाग ने वर्ष 2026–27 के लिए सरकारी आवास आवंटन की अंतिम वरिष्ठता सूची जारी की।
4. 'राष्ट्रीय एकता दिवस परेड' को देखते हुए धर्मशाला जंक्शन से आर के मिशन जंक्शन तक वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा, आज दोपहर 12 बजे से लोक निवास में 'जनता दर्शन' बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सभी पंजीकृत प्रतिभागियों से दिन में साढ़े दस बजे से 11 बजे के बीच लोक निवास पहुंचने को कहा गया है। लोक निवास में प्रवेश के लिए सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को एक वैध फोटो पहचान पत्र और QR कोड पंजीकरण पर्ची साथ लाने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल जिला अस्पताल, गाराचरमा में नवनिर्मित अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर, उपराज्यपाल ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के लिए आठ वेंटिलेटर और तीन पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स–रे मशीनें भी औपचारिक रूप से सौंपीं। उद्घाटन के बाद, उपराज्यपाल ने अस्पताल परिसर के भीतर क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लॉक के चल रहे विस्तार कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कार्य को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सांसद, मुख्य सचिव, स्वास्थ्य आयुक्त–सह–सचिव, स्वास्थ्य

सचिव, दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से कल लोक निवास में राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक और सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल बिस्वजीत दासगुप्ता ने मुलाकात कर द्वीपसमूह में समुद्री सुरक्षा, रणनीतिक तैयारियों और समन्वय से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर द्वीपों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। पंडित संजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में द्वीपसमूह के पुरोहित समिति के प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल को सनातन संस्कृति के गौरवशाली इतिहास, धार्मिक परंपराओं और द्वीपों की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों से अवगत कराया। नौसेना मुख्य प्रशिक्षक रियर एडमिरल अमित गुरबक्सानी ने भी उपराज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की।

<><><><><><><><>

खाद्य सुरक्षा विभाग ने आम जनता से आगामी त्योहारी सीजन के दौरान मिठाइयाँ और अन्य खाद्य पदार्थ खरीदते समय सतर्क रहने की अपील की है। उपभोक्ताओं को केवल लाइसेंस प्राप्त या पंजीकृत खाद्य कारोबार संचालकों से ही खाद्य पदार्थ खरीदने को कहा गया है। खरीदारी करने से पहले पूर्व–पैकेज्ड खाद्य उत्पादों पर लेबल, पैकिंग की तारीख, समाप्ति तिथि और अन्य अनिवार्य विवरणों की जांच करने की सलाह दी गई है। सभी मिठाई निर्माताओं और खाद्य विक्रेताओं को अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग और स्वच्छता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग दुकानों,  खाद्य प्रसंस्करण एवं वेंडिंग प्रतिष्ठानों पर विशेष निरीक्षण अभियान चलाएगा। आम जनता से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें और खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों के किसी भी उल्लंघन की सूचना खाद्य सुरक्षा विभाग को दे।

<><><><><><><><>

पटाखों की उचित कीमत और सुरक्षित बिक्री सुनिश्चित करने के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में पटाखा थोक विक्रेताओं और हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान, थोक विक्रेताओं ने द्वीपों में पटाखों की आपूर्ति में शामिल लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियों और उच्च परिवहन लागत के बारे में चर्चा की। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सभी थोक विक्रेताओं को अधिकतम खुदरा मूल्य का कड़ाई से पालन करने और विस्फोटक नियम एवं निर्धारित सुरक्षा विनियमों के सभी लागू प्रावधानों का अनुपालन करने का निर्देश दिए। विस्फोटक नियमों का उल्लंघन करने या अधिक कीमत पर पटाखे बेचने पर लागू कानूनों और नियमों के अनुसार उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

आवास एवं संपदा अनुभाग ने वर्ष 2026–27 के लिए सामान्य पूल के अंतर्गत सरकारी आवास आवंटन की अनंतिम वरिष्ठता सूची जारी की है। यह सूची aaga.andamannicobar.gov.in पर उपलब्ध है। प्रशासन के अनुसार, संबंधित विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों और कार्यालय प्रमुखों से सत्यापित ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर श्रेणीवार और आवास के प्रकार के अनुसार सूची तैयार की गई है। आवेदक अपनी वरिष्ठता से संबंधित दावे या आपत्तियां 4 नवंबर को शाम 5 बजे तक संबंधित डी डी ओ या एच ओ ओ के माध्यम से सचिवालय के सहायक सचिव के पास जमा करा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से कल 'राष्ट्रीय एकता दिवस परेड' का आयोजन किया जाएगा। इसे देखते हुए धर्मशाला जंक्शन से गर्ल्स स्कूल होते हुए आर.के. मिशन जंक्शन तक के मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तथा दोपहर ढाई बजे से शाम 4 बजे तक और कल दोपहर ढाई बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा सुपर स्पेशियलिटी इस वर्ष 11 और 12 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने जारी अधिसूचना में बताया कि परीक्षा देशभर के विभिन्न

परीक्षा केंद्रों पर कंप्यूटर आधारित माध्यम से होगी। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18 नवंबर है। पात्रता मानदंड, परीक्षा शुल्क, परीक्षा प्रक्रिया और अन्य जानकारियां बोर्ड की वेबसाइट natboard.edu.in पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास निदेशालय के तत्वावधान में आज से पहली नवंबर तक दीपावली एसएचजी मेले का आयोजन कर रहा है। यह मेला मरीना पार्क रोड पर दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। आम जनता से ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों का समर्थन करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज शैक्षणिक अंचल क्षेत्र के उप शिक्षा कार्यालय की ओर से फरारगंज में फुटबॉल, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स में कोचिंग कक्षाएं आयोजित करने जा रहा है। खेल एवं युवा मामले निदेशालय के सहयोग से यह कक्षाएं 2 नवंबर से विम्बर्लीगंज के मिनी स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। पंजीकरण और अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार पीटीआई प्रकाश एक्का, और राजमुनि कुमारी, से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समग्र क्षेत्रीय केन्द्र की ओर से कल दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016, दिव्यांगजनों के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका पर एक जागरूकता–सह–अभिसरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा, ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं, स्थानीय समुदायों के सबसे करीब होने के कारण, दिव्यांग व्यक्तियों की पहचान करने, उनकी जरूरतों को पूरा करने और गांव के विकास में उनकी सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में लगभग 35 प्रधानों और पंचायत सचिवों ने भाग लिया।

<><><><><><><>